शेरावाली माँ आए तेरे नवराते भजन लिरिक्स

शेरावाली माँ,
आए तेरे नवराते,
तेरा दरबार सजा के,
तुझको भक्त बुलाते,
शेरावाली मां,
आए तेरे नवराते।bd।

अंगना में देखो मैया,
रंगोली सजाई,
लाल गुलाबो वाली,
लड़िया लगाई,
माँ तेरे सेवक सारे,
आये रंग उड़ाते,
शेरावाली मां,
आये तेरे नवराते।bd।

पाँव की पायल तेरी,
छम छम बाजे,
झूम के बहना सारी,
तेरे संग नाचे,
ढोली ढोल बजावे,
तेरी महिमा गाते,
शेरावाली मां,
आये तेरे नवराते।bd।

नवरातों की लागे,
रात सुहानी,
गरबा लेकर घूमे,
अम्बे भवानी,
तेरे हम दर्शन करके,
मन ही मन हर्षाते,
शेरावाली मां,
आये तेरे नवराते।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हम बालक है तू,
माता हमारी,
चरणों में तेरे मैया,
जाए वारि वारि,
तेरी राहो में हम तो,
दिल अपना बिछाते,
शेरावाली मां,
आये तेरे नवराते।bd।

शेरावाली माँ,
आए तेरे नवराते,
तेरा दरबार सजा के,
तुझको भक्त बुलाते,
शेरावाली मां,
आए तेरे नवराते।bd।

गायक – मुकेश बागड़ा जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com